Title : Regarding poor financial health of Discoms in Delhi-Laid

श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली): मैं आज दिल्ली के लोगों को प्रभावित करने वाले एक महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए खड़ा हुआ हूँ । राष्ट्रीय राजधानी की बिजली आपूर्ति का प्रबंधन तीन कंपनियों द्वारा किया जाता है टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड । जबकि टीपीडीडीएल लाभ में चल रही है, अन्य दो कंपनी 26,000 करोड़ रुपये के घाटे मे हैं जबकि पूरी दिल्ली मे बिजली की दरें तीनों कंपनियों की समान हैं । यह चौंका देने वाला घाटा न केवल दिल्ली के बिजली क्षेत्र की वित्तीय स्थिरता को खतरे में डालता है, बल्कि नागरिकों पर एक समान बिजली दरों का बोझ भी डालता है । दिल्ली सरकार की कंपनियों से क्या शर्तें हैं जो उनके लाइसेंस रद्द नहीं किए गए? और दिल्ली सरकार के दो बिजली घरों को 26,000 करोड़ रुपये का भुगतान करने में विफल रहने के बावजूद उनके लाइसेंस का नवीनीकरण क्यों किया जा रहा है? इस स्थिति के परिणामस्वरूप दिल्ली के राजस्व में भारी नुकसान होता है । मैं आग्रह करता हूँ कि इसकी जाँच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कारवाई हो ताकि सार्वजनिक राजस्व की रक्षा की जाए ।